**फा.सं.25-।(02)/2021-एएचडी/एआर**

**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**(एआर अनुभाग)**

*****

कृषि भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 16 जून, 2021

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संबंध में मई, 2021 का मासिक सारांश।**

अधोहस्ताक्षरी को पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा मई, 2021 माह में किए गए प्रमुख क्रियाकलापों, लिए गए निर्णयों तथा मंत्रिमंडल/मंत्रिमंडल समितियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की प्रगति से संबंधित मासिक सारांश सूचनार्थ इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

संलग्नक: यथोक्त

सर्बेस्वर माझी
(सर्बेस्वर माझी)
उप सचिव (जीसी/पीसी)
फोन: 23388534

सेवा में,

मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

20. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
21. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
22. उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली ।
23. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
24. सचिव, मत्स्यपालन विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
25. सचिव, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
26. सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
27. सचिव, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली।
9. सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली।

10. सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली।
11. सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
12. सचिव, व्यय विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
13. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
14. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
15. सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली।
16. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली।
17. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली।
18. सलाहकार, कृषि, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली।
19. संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1) माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2) सभी माननीय राज्य मंत्रियों के निजी सचिव (डीएएचडी)
3) एएस और एफए के प्रधान निजी सचिव
4) पशुपालन आयुक्त के प्रधान निजी सचिव
5) डीएएचडी के सभी संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6) तकनीकी निदेशक, एनआईसी, डीएएचडी को संलग्न दस्तावेजों को विभागीय वेबसाइट में अपलोड करने के लिए।

**फा.सं.25-।(02)/2021-एएचडी/एआर**

**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

********

**मई, 2021 माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां।**

1. **<u>गोपशु और डेयरी विकासः</u>**

i. डेयरी अवसंरचना विकास निधि के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने के लिए डीएएचडी और एनडीडीबी के अधिकारियों के साथ सचिव, एएचडी की अध्यक्षता में दिनांक 18.05.2021 को वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी।

ii. देश में दुग्ध स्थिति की समीक्षा करने के लिए दिनांक 21.05.2021 को सचिव, एएचडी की अध्यक्षता में एपीईडीए,एनडीडीबी, राज्य डेयरी संघों,एनडीडीएफआई, निजी डेयरियों, मदर डेयरी फ्रुट एडं वेजीटेबल प्राइवेट लिमिटेड और भारत सरकार के अन्य विभागों के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी।

iii. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग द्वारा शुरु की गई उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के संबंध में पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में जागरुकता उत्पन्न करने हेतु प्रमुख राज्य डेयरी संघो, प्रमुख निजी डेयरियों,मदर डेयरी फ्रूट एडं वेजीटेवल प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ सचिव, एएचडी की अध्यक्षता में निजी कॉन्फ्रेसिंग के जरिए दिनांक 21.05.2021 को बैठक आयोजित की गई थी।

iv. डीएएचडी और एनडीडीबी ने मिलकर दिनांक 27.05.2021 को " कोविड 19 महामारी के दौरान भारतीय डेयरी उद्योगः चुनौतियां, सीखा गया सबक और आगे का मार्ग" विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया।

2. **<u>पशुधन स्वास्थ्यः</u>**

i. केरल, हिरयाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ पंजाब, जम्मू और कश्मीर और उत्तर प्रदेश राज्य में कुक्कुट/बत्तखों में एवियन इंफ्लूएंजा (H5 और H5N8) के प्रकोप की पुष्टि हुई थी। हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, दिल्ली उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर, बिहार और पंजाब राज्य में भी कौवों/प्रवासी पक्षियों में एवियन इंफ्लुएंजा की पुष्टि हुई थी। इन राज्यों के एवियन इंफ्लूएंजा की रोकथाम, नियंत्रण और निवारण पर कार्य योजना के अनुसार उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। प्रभावित राज्यों के लिए पोस्ट ऑपरेशन

निगरानी योजना (पीओएसपी) दिशानिर्देश जारी किए गए। कार्य योजना के अनुसार स्वच्छता और पक्षियों के वध की प्रकिया जारी है।

ii. ये राज्य एवियन इंफ्लूएंजा की रोकथाम, नियंत्रण और निवारण, 2021 के लिए संशोधित कार्य योजना के आधार पर उनके द्वारा अपनाए गए नियंत्रण उपायों के संबंध में विभाग को दैनिक आधार पर रिपोर्टिंग कर रहे है। विभाग ट्विटर, फेसबुक हैंडलस आदि जैसे मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से एवियन इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

iii. हिमाचल प्रदेश राज्य में ग्लेंडर्स की घटना की पुष्टि होने पर, विभाग ने राज्यों को जू स्वच्छता उपायों को अपनाने, रोग को आगे फैलाने से रोकने के लिए अश्वों के संक्रमित क्षेत्र से आने और जाने पर निगरानी रखने/प्रतिबंध लगाने के लिए सूचित किया है।

iv. विभाग ने परियोजना शुरु करने, इस परियोजना हेतु नौ देशों से रुचि दिखाने की मांग करने और परियोजना के डिजाइन को अंतिम रुप देने के लिए अगले कदमों पर संभावित रुप से सहमत होने के लिए 10 मई, 2021 को एएमआर परियोजना पर आयोजित क्षेत्रीय त्रिपक्षीय वेबीनार में भाग लेने के लिए अधिकारियों को नामित किया।

v. विभाग ने वन्यजीव स्वास्थ्य निगरानी, कार्रवाई योग्य खुफिया और जोखिम संचार के संबंध में जी 7 'मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी(सेवीओं)' की बैठक में भाग लेने के लिए एक अधिकारी को नामित किया।

vi. विभाग ने, विभाग के अधिकारियों और आईसीएआर-आईवीआरआई के वैज्ञानिकों को डेटा प्रविष्टि तथा रिपोर्टिंग से परिचित कराने के लिए भविष्य के ओआईई एएमयू डेटा संग्रह आईटी प्रणाली शुरु करने के संबंध में ओओईई वेबीनार में भाग लेने हेतु नामित किया।

vii. विभाग ने दिनांक 27 मई, 2021 को आयोजित पीडब्ल्यूजी के विशेषज्ञों की बैठक के लिए विभाग के अधिकारियों को नामित किया।

viii. विभाग ने भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड को एसएआरएस-सीओवी-2 संक्रमण और पशुओं में इसके संरचण के संबंध में सुझाव और सलाह प्रदान की ताकि इस संबंध में जहां कहीं आवश्यक हो एडवाइजरी और दिशा-निर्देश तैयार किए जा सके।

ix. विभाग ने जुलाई 2021 के दौरान आयोजित होने वाली "सार्क के एएमआर (रोगाणुरोधी प्रतिरोध तकनिकी सलाहकार समूह (टीएजी) की पहली बैठक" में भाग लेने के लिए विभाग और आईवीआरआई के अधिकारियों को नामित किया।

x. विभाग ने मानसून/बाढ़ के दौरान पशुओं की पशुचिकित्सा देख-भाल और प्रबंधन के संबंध में अग्रिम निवारक उपाय करने हेतु राज्यों/संघ क्षेत्रों और एनडीएमए को मानसून संबंधी एडवाइजरी भेजी।

xi. विभाग ने मई-जून 2021 के दौरान आयोजित होने वाले खाद्य आयात और निर्यात निरीक्षण तथा प्रमाणीकरण प्रणाली संबंधी कोडेक्स समिति 25 वें आधिवेशन (सीसीएफआईसीएस 25) हेतु अधिकारियों को नामित किया।

xii. सचिव, एएचडी ने ओआईई, एएचसी और जेएस (एलएच) के प्रतिनिधियों के साथ निम्निलिखित एजेंडे सहित 24-28 मई, 2021 के दौरान आयोजित विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (ओआईई) के राष्ट्रीय प्रतिनिधियों की विश्व सभा के 88वें वार्षिक आम सत्र में वर्चुअल रुप से भाग लियाः

क. सद्स्यों के खुरपका और मुंहपका रोग (एफएमडी) हेतु आधिकारिक नियंत्रण कार्यक्रमों का समर्थन

ख. सद्स्यों को संक्रमक बोवाईन ल्यूरो निमोनिया (सीबीपीपी) स्थिति का पहचान (भारत मुक्त है-रोग की निरंतरता-मुक्ति की स्थिति)

ग. सद्स्यों की बोवाईन स्पॉन्जीफॉर्म एनसेफेलोपैथी (बीएसई) जोखिम स्थिति की पहचान (भारत में नगण्य जोखिम है-स्थिति की निरंतरता)

घ. सद्स्यों की अफ्रीकन हॉर्स सिकनेस (एचएएस) की स्थिति की पहचान (भारत मुक्त है-रोग की निरंतरता-मुक्ति की स्थिति)

ङ. विशेषज्ञ आयोग हेतु नामांकन (विभिन्न विशेषज्ञ आयोगो में भारत में 3 नामांकन)

च. डी जी, सदस्य परिषद और क्षेत्रीय आयोग का चुनाव

छ. अपनाने हेतु प्रस्तावित मानदण्डों पर विचार-विमर्श

भारत को एशिया और पैसिफिक क्षेत्रीय आयोग हेतु मुख्य समूह के सदस्य के रुप में शामिल किया गया था।

Xiii मई, 2021 के दौरान एनएडीसीपी के तहत लगभग 0.26 करोड़ पशुओं की टैगिंग की गई थी और इस अवधि के दौरान एफएमडी के लिए किसी भी पशु का टीकाकरण नहीं किया गया है।

### 3. <u>राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम)</u>

i. पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ) के तहत संयुक्त सचिव (एनएलएम) की अध्यक्षता में तीसरी परियोजना अनुमोदन समिति की बैठक दिनांक 14.05.2021 को आयोजित की गई थी, जिसमें 163.995 करोड़ रुपए की ऋण राशि के साथ परियोजनाएं अनुमोदित की गई थी।

ii. एएचआईडीएफ के संबंध में जागरुकता उत्पन्न करते हेतु एमएसएमई (सूक्ष्म यूनिट) और व्यक्तिगत उद्यमियों के लिए पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ) से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दिनांक 19.05.2021 को असम राज्य हेतु एक वेबिनार आयोजित की गई थी।

iii. पशुओं पर परीक्षण के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के प्रयोजनार्थ समिति (सीपीसीएसईए) ने उनके नामांकित व्यक्तियों के लिए दिनांक 19.05.221 को पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न संगठनों में 88 नामांकित व्यक्ति काम कर रहे है।

### 4. <u>क्रेडिट, विस्तार और प्रचार (सीईपी)</u>

i. "विभाग ने आजादी का अमृत महोत्सव" के भाग के रुप में दिनांक 19.05.2021 को " बकरी का कृत्रिम गर्भाधान महत्व, वर्तमान स्थिति और भविष्य का पूर्वेक्षण" विषय पर एक वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार में प्रख्यात पैनलिस्ट्रो, वैज्ञानिकों और 800 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

ii. विभाग ने दिनांक 28.05.2021 को " डेयरी उत्पादों के निर्यातः मुद्दे और संभवनाएं" विषय के संबंध में पारस्परिक सत्र पर वेबिनार आयोजित की। वेबिनार में प्रख्यात पैनलिस्टों और दुग्ध संघों के प्रबंध निदेशकों ने भाग लिया। एपीईडीए द्वारा समन्वित निर्यातकों के साथ ओपन इंटरएक्टिव सत्र का भी आयोजन किया गया। फेसबुक और ट्वीटर पेजों के माध्यम से वेबिनारों की लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई थी।

5. <u>अंतर्राष्ट्रीय सहयोगः</u>

दिनांक 21.05.2021 को सचिव, एएचडी और एच.ई, श्री विन्सेन्ज़ो डेल्यूको, इटली के राजदूत के बीच एक बैठक हुई, जिसमें इटली के राजदूत ने डेयरी उत्पादों, विशेष रुप से पशु रेनेट के उपयोग से बने पनीर के इटली से भारत में निर्यात के मुद्दे को उठाया। मैंने राजदूत को वर्ष 2011 में भारत में बनाए गए घरेलू विनियमो अर्थात स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक) विनियम, 2011 के बारे में जानकारी दी, जो भारत में पशु रेनेट के उपयोग से बने डेयरी उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं देता है। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ संयुक्त आर्थिक आयोग (जेइसी) की आगामी बैठक के दौरान इस मुद्दे को हल करने के लिए इस मामले पर चर्चा कर सकते है। अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी व्यापक रुप से चर्चा की गई और दोनों पक्षों ने उचित समय पर उनका उचित रुप से पालन करने का वचन दिया।

6. <u>पशुपालन सांख्यिकीः</u>

विभाग ने मई, 2011 के दौरान "प्रमुख पशुधन उत्पादों के लिए एकीकृत नमूना सर्वेक्षण समाधान"नामक चालू परियोजना के तीसरे चरण के लिए मंजुरी दे दी है। यह परियोजना विभाग द्वारा वार्षिक एकीकृत नमूना (आईएसएस) योजना के तहत सभी कार्यकलापों को डिजिटल बनाने हेतु वर्ष 2019 में आईसीएआर-भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान के सहयोग के शुरु की गई थी। परियोजना के तीन चरणों में संचालित करने की योजना है। पहले चरण में एक वेब पोर्टल विकसित किया गया है और दूसरे चरण में घरों से एमएलपी डेटा एकत्र करने के लिए एक एंड्राइट आधारित एप्लीकेशन तैयार की गई है। इन दो चरणों के सफलतापूर्वक पूरा होने के पश्चात् तीसरे चरण की आवश्यकता महसूस की गई और तद्नुसार, आईएएसआरआई से प्रस्ताव मांगा गया। तीसरे चरण का मुख्य उद्देश्य विकसित सॉफ्टवेयर की निगरानी और रख-रखाव के लिए एक क्वरी मॉड्यूल विकसित करना है। यह चरण सॉफ्टवेयर को अपडेट करने और इसे सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में समुचित रुप

से लागू करने हेतु महत्वपूर्ण है। इस प्रकिया में आईएएसआरआई विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र के साथ-साथ केंद्र से प्राप्त सुझावों के अनुसार सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

7. **<u>बजटः</u>**

वर्ष 2021-22 के लिए मई, 2021 तक 3599.98 करोड़ रुपए के बजट अनुमान(बीई) की तुलना में व्यय 91.27 करोड़ रुपए था। मई, 2021 के दौरान पशुपालन और डेयरी विभाग के लिए व्यय 27.45 करोड़ रुपए था।

8. **<u>सोशल मीडिया के कार्यकलापः</u>**

माह के दौरान, विभाग के ट्विटर पेज पर 44,215 फॉलोवर्स थे। सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत 176 रचनात्मक पोस्ट बनाए गए, 277 ट्वीट, 1935 री-ट्वीट किए गए, 9 वीडियो और जीआईएफ बनाए गए। विभाग की फेसबुक पर 1,23,860 फॉलोवर्स थे। विभाग के कू एकाउंट पर 21,191 फॉलोवर्स है।

************